प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 12.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में नक्सलियों ने प्रतिरोध सप्ताह के दौरान जराईकेला थाना क्षेत्र के कोलबोंगा गांव में एक मोबाइल टावर में आग लगा दी और घटना के बाद नारेबाजी की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है।

****

दुमका जिले को महिला सशक्तिकरण और शिक्षा सुधार के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान मिली है। जिला प्रशासन की अभिनव पहलें "दीदी की दुकान" और "संपूर्ण शिक्षा कवच" को नीति आयोग द्वारा "प्रेस्टीजियस यूज केस चैलेंज अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा को प्रदान किया गया।

****

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना पर लगभग तीन अरब छब्बीस करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसे लेकर सांसद विद्युत वरण महतो ने भूमिपूजन किया। इस मौक पर सांसद ने कहा कि पुनर्विकास के बाद टाटानगर स्टेशन का स्वरूप किसी आधुनिक एयरपोर्ट की तरह होगा, जहां यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

****

कोडरमा जिला प्रशासन ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए विशेष आकलन परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह परीक्षा 12 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक सभी प्लस टू स्कूलों में ली जाएगी, जिसके बाद विद्यार्थियों को प्रदर्शन के आधार पर दो समूहों में बांटकर अतिरिक्त कक्षाएं और विशेष तैयारी कराई जाएगी। उपायुक्त ऋतुराज ने बताया कि इस पहल से कमजोर विद्यार्थियों की तैयारी मजबूत होगी और जिले का उत्कृष्ट परिणाम बरकरार रहेगा।

****

सरायकेला–खरसावां में पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने त्योहारों के दौरान विधि–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स के व्यवसायियों के साथ बैठक की। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र और बाजारों में सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी जोर दिया।

****

पाकुड जिला प्रशासन पाकुड़ के माटी शिल्पकारों की आत्मनिर्भरता और उनकी आमदनी दुगुनी करने का काम कर रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार आज राज्य में कहीं भी बारिश की संभावना नहीं है और मौसम शुष्क बना रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक तापमान 34 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस चाकुलिया में और न्यूनतम तापमान 16 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं जताई है।

****

रांची के मोरहाबादी मैदान से आज हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी का संदेश देने के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। करीब चार किलोमीटर लंबी इस दौड़ में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एनसीसी कैडेट, खिलाड़ी, छात्र और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। मौके पर राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ने स्वदेशी अपनाने को देश की आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

*******समाप्त********